# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं का हुआ सम्मान

**नवभारत,दमोह। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को प्रोत्साहित करने हेतु दमोह जिले में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी शाला,दमोह में महिला व बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित किया गया।कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू कटारे के आतिथ्य में संपन्न हुआ।कार्यक्रम में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 10वीं व 12वीं में प्रथम 10-10 स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभाशाली बालिकाओं को सम्मानित किया गया।**



कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत की मनोहारी प्रस्तुति दी गई।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू कटारे ने सभी बालिकाओं व उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि आज बेटियां जेंडर से जुड़े मिथकों को तोड़ते हुए छोटे-छोटे ग्रामों से निकलकर शिक्षा के क्षेत्र में सफलता के नए आयाम स्थापित कर रही हैं।जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रीति ठाकुर ने कहा बालिकाओं की समाज में बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए टॉप-टेन में स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं के माता-पिता की सराहना की।डिप्टी कलेक्टर दमोह रंजना प्रजापति ने अपने जीवन संघर्षों को साझा करते हुए कहा कि आज बालिकाओं के लिए अवसरों की कोई कमी नहीं है। यदि बालिकाएं अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहें, तो वे किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकती है।इस अवसर पर सहायक संचालक संजीव मिश्रा ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए समाज में व्याप्त लैंगिक भेदभाव की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की।जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. नेमा ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग दमोह द्वारा बालिकाओं के हित में निरंतर किए जा रहे प्रयासों के कारण ही जिले की बालिकाएं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम दे रही हैं।कार्यक्रम में कक्षा 10वीं की टॉप-टेन बालिकाओं द्वारा अपने अनुभव भी साझा किए गए।अंत में कक्षा 10वीं व 12वीं में प्रथम 10-10 स्थान प्राप्त करने वाली सभी बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य रामप्रसाद पटेल ने सभी प्रति भाशाली बालिकाओं को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक वीरेंद्र जैन व परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास दमोह सुलेखा ठाकुर द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर श्रेयस रावत, लोकेश मिश्रा, वीरेंद्र सेन व महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम, छात्राएं मौजूद रही।

## सुंदरकांड पाठ व बुजुर्गों का सम्मान आज



**नवभारत,दमोह.** कैथोरा (बटियागढ़) मंदिर में कार्यक्रम सुंदरकांड पाठ व बुजुर्गों का सम्मान कार्यक्रम असाटी समाज फुटेरादूबटियागढ़ क्षेत्र समिति द्वारा मौनी अमावस्या व बसंत उत्सव के अवसर पर 18 जनवरी 2026 (रविवार) को प्रात: 11:00 बजे से श्री कौशलाधीश मंदिर, कैथोरा में सुंदरकांड पाठ, सहभोज, सामाजिक मिलन, सम्मान व सांस्कृतिक कार्यक्रम असाटी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय असाटी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे.आयोजन समिति के अध्यक्ष रविशंकर असाटी बटियागढ़ व कार्यक्रम प्रमुख राजेंद्र (चंदू) असाटी ने क्षेत्रीय स्व जातीय बंधुओ से सपरिवार उपस्थित होने अनुरोध किया गया है.

## बसंत पंचमी और महाशिवरात्रि पर भगवान भोले बाबा को बाहर से होगा जल अर्पित

### मंदिर ट्रस्ट और पुलिस- प्रशासन के बीच बैठक



**नवभारत,दमोह.बांदकपुर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बसंत पंचमी, महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाए जाने को लेकर मंदिर ट्रस्ट और पुलिस प्रशासन के बीच एक बैठक का आयोजन बांदकपुर मंदिर रेस्ट हाउस में की गई.**

जिसमें एसडीएम आर एल बागरी, मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुरेश मेहता,पंडित रामकृपाल पाठक, पंडित केदारनाथ दुबे, पंडित कुंजीलाल डिम्हा, हिंडोरिया सीबीएमओ अमित, जनपद पंचायत से अमित अहिरवार, पीडब्ल्यूडी विभाग एनके विश्वकर्मा, मंदिर ट्रस्ट के सदस्य अखिलेश, पंकज हर्ष, अनुराग श्रीवास्तव,नरेंद्र पाठक, लक्ष्मण मिश्रा, पटवारी आशीष साहू,चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा के अलावा और पुलिस प्रशासनिक अधिकारी गणमौजूद रहे.बैठक में विशेष रूप से निर्णय लिया गया कि बसंत पंचमी, महाशिवरात्री के दिन प्रात: कालीन आरती से लेकर रात तक यानी कि केवल एक- एन दिन ही बाहर से जल अर्पित होगा.इसके अलावा और भी व्यवस्थाएं बेहतर बनाने के निर्णय लिए गए.



## डिवाइडरों, विद्युत पोलों से पोस्टर, बैनर और फ्लेक्स निकाले

नवभारत,दमोह। स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 की तैयारी को लेकर दमोह कलेक्टर श्री कोचर के निर्देशन में नगर पालिका दमोह सीएमओ राजेंद्र सिंह लोधी के नेतृत्व में अतिक्रमण दस्ते के साथ शहर के डिवाइडरों, विधुत पोलों से पोस्टर, बैनर और फ्लेक्स निकालने की कार्रवाई रात करीब 10 :00 बजे से 1 :00 बजे तक की जा रही है. जिसमें समस्त टीम का योगदान है।

## न्यायाधीशों के साथ बैठक आयोजित



**नवभारत,दमोह।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 14 मार्च 2026 को सम्पूर्ण दमोह जिले में वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत आयोजित की जाएगी। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य दांडिक, सिविल, विद्युत,चैक बाउंस, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक प्रकरण सहित समस्त राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति एवं राजीनामा के आधार पर किया जायेगा। नेशनल लोक अदालक को सफल बनाये जाने हेतु समस्त न्यायाधीशगण के साथ बैठक का आयोजन ए.डी.आर. भवन जिला न्यायालय दमोह में प्रधान जिला न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष सुभाष सोलंकी की अध्यक्षता में किया गया।

## बिजली बिल भुगतान के लिए कैंप लगाए गए

**नवभारत,हिंडोरिया।** अधीक्षण अभियंता वृत्त दमोह व कार्यापालन अभियंता दक्षिण संभाग दमोह के दिशा निर्देशन मे हिण्डोरिया विद्युत वितरण केन्द्र के ग्राम बिलाई और कादीपुर गांवो मे सोमवार को समाधान योजना के तहत बिजली बिल भुगतान के लिए कैंप लगाए गए।जहां उपभोक्ताओ के बकाया बिल जमा करवाए गए और बिजली से जुडी शिकायतो का निराकरण किया गया कनिष्ठ अभियंता प्रदीप सिंह परिहार ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर गांव गांव जाकर समाधान कैंप चलाए जा रहे है ताकि कोई भी पात्र उपभोक्ता योजना के लाभ से वंचित न रहे ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए विभागीय वाहन मे माइक लगाकर प्रचार किया जा रहा है साथ ही कर्मचारियो की टीम घर घर जाकर उपभोक्ताओ से संपर्क कर एवं दूरभाष के माध्यम से समाधान योजना की संपूर्ण जानकारी से अवगत किया जा रहा है कनिष्ठ अभियंता परिहार जी ने कहा कि शासन की समाधान योजना उपभोक्ताओ के लिए बडा मौका है क्योकि बिल के बकाए पर लगने वाले सरचार्ज मे भारी छुट मिल रही है उन्होने सभी उपभोक्ताओ से अपील की.

## सामुदायिक भवन का मंत्री ने किया लोकार्पण

**नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह. तेंदूखेड़ा की ग्राम पंचायत सहजपुर के 27 मील में स्थित पवित्र व श्रद्धा के प्रमुख केंद्र सिद्ध क्षेत्र पंडा बाबा में 15 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन का विधिवत लोकार्पण किया गया. यह सामुदायिक भवन क्षेत्र के ग्रामीण जनों के लिए सामाजिक,सांस्कृतिक व धार्मिक गतिविधियों के आयोजन हेतु एक सशक्त केंद्र के रूप में उपयोगी सिद्ध होगा.**



मंत्री ने कहा कि इसके निर्माण से न केवल स्थानीय नागरिकों को विवाह, बैठकें, सामाजिक कार्यक्रम व अन्य सामूहिक आयोजनों के लिए एक सुसुविधायुक्त स्थान उपलब्ध होगा, बल्कि दूर-दराज से दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों को विश्राम व ठहराव की समुचित सुविधा भी प्राप्त होगी.इस अवसर पर मैंने यह संकल्प दोहराया कि जबेरा विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर एक सामुदायिक भवन का निर्माण सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे ग्रामीण अंचलों में सामाजिक समरसता को बल मिले तथा जन सुविधाओं का निरंतर विस्तार हो सके. कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह लोधी नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन भाजपा जिला मंत्री भारत सिंह लोधी,तेंदूखेड़ा मंडल अध्यक्ष संतकुमार पाल सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण,गणमान्य नागरिक,कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।मैं सभी अतिथियों, जन प्रतिनिधियों व क्षेत्रवासियों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ तथा विश्वास दिलाता हूँ कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु इस प्रकार के जनहितकारी कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे.

## कलेक्टर ने प्रशासनिक फैसला किया स्थगित

**नवभारत,दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने शहीद स्तंभ एवं ऐतिहासिक स्मारकों के संरक्षण को लेकर सामने आई जन प्रतिक्रियाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा सोशल मीडिया और विभिन्न मंचों पर आई प्रतिक्रियाएं यह दर्शाती हैं कि दमोह वास्तव में जागरूक, ज़िंदादिल और अपनी धरोहरों के प्रति संवेदनशील लोगों का शहर है।कलेक्टर श्री कोचर ने कहा आमजनों द्वारा लिए गए निर्णय के बाद समाज के विभिन्न वर्गों से सकारात्मक व नकारात्मक दोनों प्रकार की प्रतिक्रियाएं सामने आईं, जिनका वे स्वागत और अभिनंदन करते हैं। उन्होंने कहा यही संवाद और चर्चा किसी भी पवित्र स्मारक या शहीद स्तंभ के संरक्षण की दिशा में एक स्वस्थ पहल है।कलेक्टर श्री कोचर ने स्पष्ट किया कि यदि समाज चाहता है कि पवित्र स्मारक या शहीद स्तंभ के संरक्षण की दिशा में निर्णय स्वयं समाज द्वारा लिया जाए, तो प्रशासन पूरी तरह उनके साथ खड़ा है।

## एक नजर में



### मेधावी छात्रा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**नवभारत,दमोह।** बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना अंतर्गत दिनांक 16 जनवरी 2026 को प्रात: 11 बजे से एक्सीलेंस स्कूल दमोह में कक्षा दसवीं व कक्षा बारहवीं की जिले में टॉप 10 स्थान पर उत्तीर्ण हुई बालिकाओं हेतु मेधावी छात्रा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जनपद पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती प्रीति राजू कमल ठाकुर जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे,जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा,जिला पंचायत की उपाध्यक्ष डॉ मंजू धर्मेंद्र कटारे के अलावा और भी जन्म मौजूद रहे।



### प्रधानाध्यापक और जनशिक्षक को कारण बताओ नोटिस

**नवभारत,दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा शासकीय एकीकृत प्राथमिक व माध्यमिक शाला लुहारी का औचक निरीक्षण के दौरान बच्चों व ग्रामीणों ने मध्यान्ह भोजन के संचालन में अंजनी स्व- सहायता समूह द्वारा लापरवाही बरतने की शिकायत की थी। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने बताया मध्यान्ह भोजन के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने अंजनी स्व-सहायता समूह लुहारी को एमडीएम(मध्यान्ह भोजन) व्यवस्था से पृथक किया गया है,वैकल्पिक व्यवस्था के अंतर्गत शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला लुहारी में शाला प्रबंधन समिति को मध्यान्ह भोजन संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।जारी आदेश में कहा गया अंजनी स्वसहायता समूह द्वारा की जा रही लापरवाही की सूचना वरिष्ठ कार्यालय को नहीं देने, प्रधानाध्यापक शासकीय एकीकृत शाला लुहारी और जनशिक्षक जनशिक्षा केन्द्र लुहारी जयपाल अहिरवार द्वारा पंजी पर स्वयं और शाला प्रबंधन समिति एवं समूह सदस्यों के हस्तारक्षर नहीं पाये जाने तथा जनशिक्षक के द्वारा शाला का निरीक्षण नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.राहुल संघप्रिय बांदकपुर पहुंचे



**नवभारत,दमोह.** गृह मंत्रालय भारत सरकार व भारी उद्योग मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य व बौद्ध संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भन्ते डॉ.राहुल संघप्रिय शनिवार को सर्किट हाउस दमोह से रवाना होकर बांदकपुर पहुंचे, जहां भोलेबाबा के दर्शन कर सभी से मुलाकात की. इस अवसर पर विवेक श्रीधर, कृष्णा पटेल, पूनाबाई सरपंच, वीरू नेम शंकर गौतम के अलावा और भी जन मौजूद रहे.इस दौरान बांदकपुर चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा से चर्चा कर कार्यो की सराहना की.

## बुंदेली दमोह महोत्सव में भक्ति, खेल और संस्कृति का संगम

- **आज मंच पर मननप्रीत सिंह बिखेरेंगे सुरों का जादू**



**नवभारत,दमोह।** शहर के तहसील ग्राउंड में बुंदेली गौरव न्यास के तत्वावधान में आयोजित बुंदेली दमोह महोत्सव अपने रंग-बिरंगे आयोजन पूरे सुंदरता के साथ आयोजित है महोत्सव के दूसरे दिन सांस्कृतिक, धार्मिक व खेल गतिविधियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। भजन मंडली प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न भजन मंडलियों ने भावपूर्ण भजनों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। वहीं दोपहर से तहसील ग्राउंड सहित अन्य स्थानों पर आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में खो-खो, बॉक्सिंग, एथलेटिक्स, रनिंग, भाला फेंक, शॉट पुट, लंबी कूद सहित कई खेल शामिल रहे। इन प्रतियोगिताओं में दमोह जिले के सातों विकासखंडों की टीमों ने अलग-अलग मुकाबलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। शाम के सत्र में नृत्य श्री प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें चयनित प्रतिभागियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर अपनी कला का शानदार परिचय दिया। इसके पश्चात स्थानीय आर्केस्ट्रा द्वारा प्रस्तुत फिल्मी गीतों पर दर्शक झूमते-थिरकते नजर आए, जिससे माहौल पूरी तरह उत्सवमय बन गया। महोत्सव के आगामी कार्यक्रमों को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह है। आज पंजाब के प्रसिद्ध पॉप सिंगर मननप्रीत सिंह अपनी गायकी से मंच पर समां बांधेंगे। साथ ही भारतीय परिधान फैंसी ड्रेस कार्यक्रम एवं स्वर श्री कार्यक्रम के माध्यम से सुरों का अद्भुत संगम बुंदेली मेला के मंच पर देखने को मिलेगा।

## जहरीले पानी से हुई मौतों के जिम्मेवार अब भी अपने पदों पर कायम है : कांग्रेस

**नवभारत,दमोह।** इंदौर के भागीरथ पुरा में दूषित पानी से हुई मौतो को लेकर व मनरेगा का नाम बदलने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेसजनों के साथ नेहरू पार्क में उपवास रखकर भाजपा सरकार को सदबृद्धि एवं दोषी अफसर महापौर नगरीय प्रशासन मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानक पटेल भाजपा की मोहन सरकार जहरीला पानी परोसकर लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर रही है।दमोह जिले में जहाँ भी तालाब है वह बदबू से बजबजा रहे है पानी की पाइप लाइने नालियो में से डाली जा रही है।पूर्व विधायक अजय टंडन,पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि हमारे जिले से दो-दो मंत्री है उनको चाहिये कि जहाँ भी जल स्त्रोत है वह स्वच्छ पानी के लिये टीम गठित करे। इस अवसर पर निधि श्रीवास्तव,परम यादव,प्रदीप पटेल, विजय बहादुर, मदन सुमन, डी.पी.पटैल, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, बबलू भटट, मुख्तार जाफरी,रोहन पाठन, वीरेन्द्र चौबे,संजय सेठ, प्रमेश सिरोठिया,कमला निषाद, मंजीत यादव, दिनेश रैकवार, बंसत कुशवाहा, मुकेश रोहिताश, दृगपाल सिंह,डिम्पल सेन,के.के. वर्मा, प्रवेन्द्र चंद्रकार, शानु जुनेजा, अजय जाटव, अमित बुधौल्या आदि उपस्थित थे।




## महिला सशक्तिकरण राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित



**नवभारत,दमोह। महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 16जनवरी को पी.जी. कॉलेज के ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू धर्मेन्द्र कटारे, जनपद अध्यक्ष प्रीति कमल ठाकुर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे विशेष रूप से उपस्थित रहे।**

कार्यक्रम के दौरान लाड़ली बहना योजना की हितग्राही महिलाओं को संबोधित किया गया तथा योजना से जुड़ी जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत गीतों की प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का लाइव प्रसारण संदेश भी दिखाया गया। दमोह जिले अंतर्गत माह जनवरी 2026 में लाभांवित महिला हितग्राही संख्या 2,42,555 जिसकी राशि (1500 रूपये के मान से) 35,69,29,500 रूपये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सिंगलस क्लिक के माध्यम से लाड़ली बहनों के खाते में अंतरित किए गये। कार्यक्रम का सफल संचालन सहायक संचालक महिला व बाल विकास संजीव मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**सड़क हादसा** | **छत्तीसगढ़ से दिल्ली जा रहा था ट्रक**

# दमोह में चलते ट्रक में लगी आग, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान

**नवभारत,जबेरा/दमोह.जिले के जबेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत जलहरी गांव के समीप शनिवार दोपहर कबाड़ से भरे एक ट्रक में अचानक आग लग गई. जैसे ही ड्राइवर ने आग की लपटें उठते देखी तत्काल ट्रक को सड़क किनारे खड़ा कर कूद कर अपनी जान बचाई. स्थानीय लोगों ने आग देखी तो पाइप लाइन के सहारे ट्रक में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया.साथ ही पुलिस को सूचना दी।**




इसके बाद ट्रक को खाली कर आग को बुझाया गया.गनीमत रही समय पर आग बुझ गई जिससे कोई बड़ी जनहानि नहीं हो पाई. जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ से दिल्ली एक ट्रक कबाड़ का सामान लेकर जा रहा था.दमोह के जबेरा थाना क्षेत्र के जलहरी गांव के समीप पहुंचते ही अचानक इस कबाड़ में आग लग गई और धीरे-धीरे आग ने भीषण रूप रख लिया जिससे ट्रक भी आग की चपेट में आ गया. ड्राइवर ने आग देखी तो ट्रक को सड़क किनारे खड़ा कर तत्काल कंडक्टर के साथ वह चलते ट्रक से कूद गया. जानकारी मिलते ही जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. स्थानीय लोगों ने मोटर पंप चालू कर आग को बुझाने का प्रयास किया और जेसीबी की मदद से ट्रक में भरे पूरे कबाड़ को सड़क किनारे फेंक दिया. कुछ ही देर में आग बुझ गई. इस दौरान अफरा-तफरी का माहौल भी बन गया और सड़क पर जाम के हालात बनने लगे, लेकिन पुलिस की सूझबूझ से किसी प्रकार का कोई जाम नहीं लग पाया और एक बड़ा हादसा टल गया.

> आग बुझाने में थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक सतीश नामदेव, देवेंद्र रैकवार, आरक्षक वीरेंद्र सिंह, राहुल शर्मा, कलाम खान, प्रमोद ड्राइवर,स्थानीय निवासी विजय लोधी जलहरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

## बकाया संपत्ति कर वसूली हेतु संबंधित वार्डों में शिविर आयोजित किए जाएंगे

**नवभारत,दमोह।** मप्र नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 127 के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित अवधि तक संपत्ति कर जमा करने पर आवासीय भवनों में 50 प्रतिशत संपत्ति कर छूट का प्रावधान है। निर्धारित समयावधि के बाद यह छूट स्वत: समाप्त हो जाएगी। नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र सिंह लोधी ने बताया संकल्प से समाधान अभियान 2026 के अंतर्गत विशेष वसूली शिविरो का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमे बकाया संपत्ति कर वसूली हेतु विशेष वसूली अभियान के अंतर्गत तिथियों को संबंधित वार्डों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होने बताया, शिविर 16 व 17 जनवरी 2026 को सिविल वार्ड क्रमांक 01 एवं 02 में शिवाजी स्कूल के पास संपत्ति कर वसूली शिविर आयोजित होगा। इसी प्रकार 18 व 19 जनवरी 2026 को सिविल वार्ड क्रमांक 03 में मानस भवन प्रांगण में शिविर लगाया जाएगा। 20 व 21 जनवरी 2026 को सिविल वार्ड क्रमांक 04 व 05 में मिशन स्कूल के पास शिविर आयोजित होगा।